हारे का ये ही सहारा | By Abir Agarwal

मेरा खाटूवाला वो लीले घोड़े वाला
मेरा खाटूवाला वो लीले घोड़े वाला

एक श्याम बिना कोई ना हमारा
हारे का ये ही सहारा, सहारा.....
हारे का ये ही सहारा

दुनिया से कोई जब हार के आता है
श्याम उसे तो गले से लगाता है
बिगड़ी बन जाती है जो भी दर पे आता है
मेरे श्याम से जोड़ ले तू न आता
खाटू वाले से जोड़ ले तू नाता
हारे का ये ही सहारा, सहारा.....
हारे का ये ही सहारा

जीत रहा जब तक देख ना पाया था
हार गया तो सामने पाया था
सबने रिश्ता तोड़ दिया तो श्याम ने हाथ बढ़ाया था
श्याम नाम की जप ले तू माला
खाटू वाले की जप ले तू माला
हारे का ये ही सहारा, सहारा.....
हारे का ये ही सहारा

जीवन में मेरे घोर अँधेरा था
दुनिया की भीड़ में भी कितना अकेला था
श्याम की कृपा हो जाने से सबने रिश्ता जोड़ लिया
मेरे श्याम का खेल है निराला
खाटू वाले का खेल है निराला
हारे का ये ही सहारा, सहारा.....
हारे का ये ही सहारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-abir-agarwal/